संदेश

गुरु रविदास जयंती के पावन अवसर पर मैं, सभी देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देती हूं।

संत रविदास आध्यात्मिक ज्ञान के प्रतीक थे। उन्होंने अपना जीवन आस्था और भक्ति के साथ मानवता की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने जातिगत और सामाजिक भेदभाव को दूर करने के लिए संघर्ष किया। गुरु रविदास जी ने भक्ति के माध्यम से समाज में समरसता लाने का प्रयास किया। उन्होंने शांति, सहिष्णुता और भाईचारे का संदेश दिया तथा जनमानस को आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया।

आइए, हम सब उनकी शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाएं और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान दें।

****